मुख्य मंत्रियों और विधि मंत्रियों की एक संयुक्त बैठक हुई थी ;

(ख) यदि हां, तो उसमें क्या-क्या निर्णय लिये गये ; और

(ग) इन निर्णयों पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है और उनको कार्यान्वित करने के लिये सरकार क्या कदम उठा रही है ?

**विधि और न्याय मंत्री (श्री अशोक कुमार सेन)** : (क) से (ग) मुख्य न्यायमूर्तियों, मुख्य मंत्रियों और विधि मंत्रियों का संयुक्त सम्मेलन, जो कि 30 मई, 1985 को नई दिल्ली में होना था, मुल्तवी कर दिया गया था । अब यह सम्मेलन 31 अगस्त, 1985 को होगा ।

**खादी ग्रामोद्योग आयोग के उपाध्यक्ष के विरुद्ध शिकायतों की रपट**

576. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **उद्योग और कम्पनी कार्य** मंत्री 13 मई, 1985 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 1242 के दिये गये उत्तर को देखेंगे और यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) खादी ग्रामोद्योग आयोग के उपाध्यक्ष के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों की जांच का काम किसे सौंपा गया था ;

(ख) जांच रपट का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि रपट अभी तक प्राप्त नहीं हुई है तो उसके क्या कारण हैं; और उसके कब तक प्राप्त हो जाने की आशा है ?

**उद्योग और कम्पनी कार्य मंत्री (श्री बीरेन्द्र पाटिल)** : (क) खादी तथा ग्रामोद्योग के उपाध्यक्ष के विरुद्ध प्राप्त शिकायतों को अध्यक्ष के पास भेज दिया गया था और उनकी टिप्पणियों पर मंत्रालय में सर्वोच्च स्तर पर विचार किया गया था । इस मामले में कोई कार्यवाही करना आवश्यक नहीं समझा गया था ।

(ख) और (ग) प्रश्न ही नहीं उठते ।

**Manufacture of transformers by B.H.E.L.**

577. SHRI DHULESHWAR MEENA Will the Minister of INDUSTRY AND COMPANT AFFAIRS oe pleased to state:

(a) whether BHEL propose to start manufacture of 600 MVA transformers: and

(b) what is the production programme of such transformers?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF INDUSTRY AND COMPANY AFFAIRS (SHRI ARIF MOHD KHAN): (a) and (b) BHEL is examining the possibility of manufacturing 600 MVA transformers.

**Laying down off-shore gas pipeline from Bombay High to Hazira**

578. SHRI RAOOF VALIULLAH: Will the Minister of PETROLEUM be pleased to state:

(a) what is the progress so far made in laying the off-share gas pipe line from Bombay High to Hazira;

(b) by when the natural gas supply is expected to be provided to the fertilizer plants at Hazira;

(c) whether Government has received any proposal from Gujarat State for a third gas-based fertilizer plant in Gujarat preferably at Broach; and